अच्छा रहेगा क्योंकि वहां पर असहाय और मासूम लोगों की हत्या हो रही है। आप इसके बारे में सरकार को निर्देशित कर दें।

श्री सभापति : मैं बात कर लेता हूं। त्रिपुरा में जो मरडर्स हुये हैं उसके बारे।

THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI JASWANT SINGH): सभापति महोदय, मैं मानता हूं। Let me respond to it. ...*(Interruptions)*... So far as Tripura is concerned, we take on board the fact that in Tripura this situation, every now and then, resurges and it has got two dimensions, social dimension as also the dimension of insurgency, incipient insurgency. We consider that this is not an issue which should be taken lightly. I have some personal experience in this regard. I would like to assure the hon. Member that the Home Ministry is fully seized of the issue. ...*(Interruptions)*... The Home Ministry is fully seized of the issue. They will be taking suitable action in this regard.

श्री जीवन राय (पश्चिमी बंगाल) : सभापति महोदय, वहां से मिलिट्री और पैरा-मिलिट्री फोर्सेज विदड्रा हो गया है। उसको वापस वहां भिजवा दीजिये। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : ठीक है, ठीक है। श्री बालकवि बैरागी। ...**(व्यवधान)**...

Depiction of Lord Ganesha on Hawai Chappals by American Eagles Co.

श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश) : माननीय सभापति महोदय, मेरा सौभाग्य है कि इस सदन के नेता यहां उपस्थित हैं जो कि कभी विदेश मंत्री भारत के होते थे। भारतवर्ष के अखबारों में इन दिनों विशेष समाचार बन रहा है। अमेरिका की एक कम्पनी जिसका नाम "अमेरिकन ईगल्स" है। उसने अपना नया चप्पल जो बाजार में प्रविष्ट किया है उस चप्पल के तलवे पर नीचे गणेश जी की फोटो लगाई है। भगवान गणेश की फोटो उस पर लगाई गई है। देश के कई अखबारों में यह समाचार छपा है। मेरे पास जो अखबार है वह चेन्नई, तमिलनाडु से निकलने वाला "न्यूज टुडे" का 30 अप्रैल का अंक है।

श्री सभापति : ठीक है।

श्री बालकवि बैरागी : सभापति महोदय, इस संस्था के करीब साढ़े सात सौ शोरूम हैं जहां पर कि ये चप्पलें बिक रही हैं। इनके शोरूम कनाडा और अमेरिका मे हैं। मैं जानना चाहता हूं कि क्या भारत सरकार यह कोशिश करेगी की करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला यह प्रोडक्ट बाजार से वहां पर विदड्रा करवाया जाये। कुछ न कुछ इसके बारे में व्यवस्था करवाई जाये। ...**(व्यवधान)**... यह बहुत ही गंभीर मामला है। ...**(व्यवधान)**...

श्री मोती लाल वोरा (छत्तीसगढ़) : सभापति महोदय, यह बहुत ही गंभीर मामला है। ...**(व्यवधान)**...

श्री नीलोत्पल बसु (पश्चिमी बंगाल) : सर, सिंहल जी इसके बारे मे कुछ क्यों नही बोलते हैं? ...**(व्यवधान)**...

मौलाना ओबैदुल्लाह खान आज़मी (मध्य प्रदेश) : सर, इसको वापस करवाया जाये! ...**(व्यवधान)**... सर, हमारी डिमांड है कि इन चप्पलो को वापस करवाया जाये। ...**(व्यवधान)**...

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka) : Sir, it is a very serious matter. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Every matter is serious. But there are certain rules. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... Please take your seats. चप्पलों में गणेश जी की तस्वीर लगाई हुई है, उसके बारे में आपत्ति है।

वित्त और कंपनी कार्य मंत्री (श्री जसवंत सिंह) : समापति महोदय, इस पर तवज्जो दी जायेगी और जो उचित कदम है वह उठाया जायेगा।

श्री सभापति : चलिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री मोती लाल वोरा : सभापति महोदय, यह मंत्री जी का कैसा जवाब है! ...**(व्यवधान)**...

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी (उत्तर प्रदेश) : चेयरमैन साहब, यह बहुत सीरियस मैटर है। इस पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री बालकवि बैरागी : सर, इसको विदड्रा करवाने की कार्यवाही होनी चाहिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI P.G. NARAYANAN (Tamil Nadu) : Sir, we want a similar response from him. ...*(Interruptions)*...

DR. V. MAITREYAN (Tamil Nadu) : At least, let the Leader of the House give an assurance. ...*(Interruptions)*... Sir, he has not responded to our request.

SHRI P.G. NARAYANAN: Sir, I have requested for convening a meeting of the Cauvery Monitoring Committee. ...*(Interruptions)*...

SHRI JASWANT SINGH: Sir, I will convey the sentiments of the Members to the appropriate authority.

MR. CHAIRMAN: Now, we will take up the Constitution (Ninety-fifth Amendment) Bill, 2003; and the Constitution (Ninety-sixth Amendment) Bill, 2003.